प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- संसद का शीतकालीन सत्र आज से–13 महत्वपूर्ण विधेयक पेश होने की संभावनां
- प्रदेशभर में आज से मंगला पशु बीमा योजना का दूसरा चरण शुरूं
- विश्व एड्स दिवस पर आज विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजनं
- प्रदेश में तापमान में गिरावट दर्ज–सीकर और झुंझुनूं जिलों में शीतलहर का येलो अलर्टं

……………………………………………………………

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा हैं इस सत्र में 19 दिनों की अवधि में कुल 15 बैठकें होंगीं सत्र के दौरान 13 महत्वपूर्ण विधेयक पारित होने के लिए पेश किये जाने की संभावना हैं इन बिलों में नेशनल हाईवे संशोधन विधेयक, एटॉमिक एनर्जी बिल, कॉर्पोरेट लॉ (अमेंडमेंट) बिल, इंश्योरेंस लॉ (अमेंडमेंट) बिल और हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ़ इंडिया बिल–2025 शामिल हैं इससे पहले कल सरकार ने संसद के दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई थीं बैठक की अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की और इसमें 36 राजनीतिक दलों के 50 नेताओं ने हिस्सा लियां बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार ने सत्र के दौरान सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से सहयोग की अपील की हैं उन्होंने कहा कि सरकार दोनों सदनों के नियमानुसार, सदन में किसी भी महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं

……………………………………………………………

आज गीता जयंती मनाई जा रही हैं हरियाणा के कुरुक्षेत्र में हुए अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की तर्ज पर प्रदेश में भी आज से राजस्थान गीता महोत्सव शुरू हो रहा हैं इसके तहत देश विदेश में जो व्यक्ति जहां है वहीं से गीता के श्लोक पढ़ सकेगां इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने महोत्सव के पोस्टर का विमोचन करते हुए अपील की, कि सबके मंगल के लिए होने वाले इस महोत्सव से सबको जुड़ना चाहिएं गौरतलब है कि कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवद गीता में बढ़ती वैश्विक रुचि पर प्रकाश डालां श्री मोदी ने कहा कि यह देखकर वे बहुत प्रभावित हैं कि कैसे दुनिया भर के लोग गीता से प्रेरित हो रहे हैं उन्होंने कहा कि यूरोप और मध्य एशिया सहित दुनिया भर के कई देशों के लोगों ने हाल ही में हरियाणा के कुरुक्षेत्र में हुए अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हिस्सा लियां

……………………………………………………………

प्रदेशभर में आज से मंगला पशु बीमा योजना का दूसरा चरण शुरू हो रहा हैं विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर पशुओं का निशुल्क बीमा किया जायेगां इस चरण में 15 हजार 871 पशुओं का बीमा करने का लक्ष्य रखा गया हैं इसके लिए ऑनलाईन पंजीकरण प्रकिया 21 नवम्बर से शुरू हो चुकी हैं सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि योजना के तहत चौथ का बरवाडा, शेरपुर, अमरगढ, बगलई, भाडोती, भालपुर सहित कई स्थानों पर शिविर लगाये जायेंगें इनमें पहले आओ पहले पाओं के आधार पर पशुओं की बीमा के लिए रजिस्ट्रेशन करवाकर स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी किये जायेंगें जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां एक लाख 6 हजार पशुओं का बीमा करने का लक्ष्य रखा गया हैं

……………………………………………………………

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज नई दिल्ली में सरस आजीविका मेले का शुभारंभ करेंगें मंत्रालय ने बताया है कि देशभर के 25 राज्यों से स्वयं सहायता समूहों की लगभग तीन सौ लखपति दीदियां इस मेले में भाग लेंगीं मेले में खाने की कुल 62 स्टॉल्स लगाई जायेंगीं जिसमें से 50 में ताजा भोजन परोसा जाएगा और 12 स्टॉलों में प्राकृतिक खाद्य उत्पादन उपलब्ध रहेंगें मंत्रालय ने बताया कि

मेले में देश की खाद्य विविधता देखने को मिलेगीं यह मेला आम जनता के लिए इस महीने की 9 तारीख तक सुबह साढ़े ग्यारह बजे से रात साढ़े नौ बजे तक खुला रहेगां

.........................................................................

आज विश्व एड्स दिवस हैं इस मौके पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के आयोजन का नेतृत्व करेंगें इसका उद्देश्य एचआईवी की रोकथाम और रोगियों के उपचार तथा देखभाल के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं साथ ही सरकारी नेताओं, विकास भागीदारों, युवा प्रतिनिधियों, सामुदायिक अधिवक्ताओं, एचआईवी से पीड़ित लोगों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को साथ लाना हैं आयोजन के दौरान, नाको की राष्ट्रीय मल्टीमीडिया पहल के अंतर्गत एक वीडियो श्रृंखला का शुभारंभ किया जाएगा जिसमें एक विशेष लाइव संगीत का प्रदर्शन भी होगां

.........................................................................

केन्द्र सरकार के 'कैच द रेन' अभियान से प्रेरित 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान प्रदेश में जल के संरक्षण, संवर्धन और पुनर्भरण की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा हैं इस अभियान में प्रदेश में लगभग 14 हजार 500 से अधिक जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया गया हैं इससे बारिश के पानी को सहेजने की परम्परा को प्रोत्साहन तो मिला ही है, साथ ही राजस्थान को जल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को गति मिल रही हैं

.........................................................................

प्रदेश के पारे में फिर गिरावट दर्ज की जा रही हैं आठ शहरों का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गयां 5 दशमलव 9 डिग्री के साथ लूणकरणसर की रात सबसे सर्द रहीं जयपुर में हल्के बादल छाये रहे और हवाएं भी चलीं इससे पारे में गिरावट दर्ज की गई जयपुर का अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम तापमान 13 दशमलव 3 डिग्री दर्ज किया गयां मौसम विभाग के अनुसार श्रीगंगानगर का न्यूनतम तापमान 7.3, पिलानी और चूरू का 8.5, सीकर का 9, नागौर का 9.2, झुंझुनूं और अलवर का 9.5 डिग्री दर्ज किया गयां मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने की संभावना हैं इससे तापमान में और गिरावट आयेगीं कल से 4 दिसंबर तक शेखावाटी क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 4–5 डिग्री के आसपास दर्ज होने की संभावना हैं 3 दिसंबर के लिए सीकर और झुंझुनूं जिलों में कोल्ड–वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया हैं

.........................................................................